## प्रेस नोट

## दिनांक 28.10.2025

## महिलाओं और बच्चों पर होने वाली लैंगिक हिंसा की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य, साइबर क्राइम , बाल श्रम और पॉक्सो एक्ट के संबंध में मीटिंग।

आज दिनांक 28.10.2025 को क्षेत्राधिकारी लाइंस जनपद हमीरपुर की अध्यक्षता में एएचटीयू/एसजेपीयू, एनजीओ, सीडब्ल्यूसी, श्रम विभान एवं जन साहस सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी की संयुक्त बैठक में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन हमीरपुर में किया गया।

इस कार्यशाला में जनपद के समस्त थानों पर चिन्हित/नियुक्त बाल कल्याण/बाल कल्याण सहायक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया । कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों पर होने वाली लैंगिक हिंसा की रोकथाम, बाल श्रम, मानसिक स्वास्थ्य, साइबर क्राइम और पॉक्सो एक्ट के संबंध में जागरूकता और प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस दौरान प्रभावी समाधान और रोकथाम के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।



